# समग्र शिक्षा अभियान
(सेकेण्डरी ऐज्यूकेशन)

लोक शिक्षण संचालनालय,परिसर, गौतम नगर, भोपाल–462023
दूरभाषः 91–0755–2600124 फेक्सः 91–0755–2583651

क्रमांक / समग्र / 2025–26 / 168 भोपाल, दिनांकः– 15/01/2026

प्रति,

1. जिला शिक्षा अधिकारी,
   समस्त जिले, मध्य प्रदेश।
2. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक,
   समस्त जिले, मध्य प्रदेश।

**विषय: EQIP-LEP (2025-26) के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 के विद्‌यार्थियों की एंडलाइन असेसमेंट आयोजित किए जाने के संबंध में।**

Education Quality Improvement Program (EQIP) - Learning Enhancement Program (LEP 2025-26) के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्‌यार्थियों की अधिगम स्तरों में सुधार एवं कार्यक्रम के प्रभाव का आकलन किए जाने हेतु एंडलाइन असेसमेंट आयोजित की जाना है।

उल्लेखनीय है कि परियोजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं से 12वीं की बेसलाइन असेसमेंट दिनांक **29.10.2025** को सफलतापूर्वक आयोजित की गई थी। उक्त बेसलाइन असेसमेंट के परिणाम के आधार पर **उन सभी विद्‌यार्थियों जिन्होंने LEP Assessment में सहभागिता की थी उनके लिए** Remedial Learning Material **तैयार किया गया था**, जो जिला शिक्षा अधिकारियों के कार्यालयों के माध्यम से चयनित विध्यालाओं के उक्त विद्‌यार्थियों को वितरित किया जा चुका है।

उक्त शैक्षणिक गतिविधियों के उपरांत विद्‌यार्थियों में हुए शैक्षणिक विकास एवं अधिगम स्तर में हुई प्रगति का आकलन करने के उद्‌देश्य से **एंडलाइन परीक्षा** निम्नानुसार आयोजित की जाएगी:

- **कक्षाएँ: 9वीं से 12वीं**
- **परीक्षा मोड: ऑनलाइन मोड**
- **परीक्षा दिनांक: 30.01.2026, शुक्रवार**
- **प्रश्नों की कुल संख्या -30**
- **परीक्षा अवधि -30 मिनट**

एंडलाइन आकलन कंप्यूटर/टैबलेट/मोबाइल के माध्यम से किया जायेगा, जिसकी प्रक्रिया *परिशिष्ट-1* में संलग्न है, यह ध्यान रखे कि एक समय में केवल एक ही छात्र का आकलन किया जा सकेगा, जब एक **विद्‌यार्थी Submit कर देगा** उसके बाद दूसरे **विद्‌यार्थी के द्‌वारा** कंप्यूटर/टैबलेट/मोबाइल का पुनः उपयोग किया जा सकेगा। एंडलाइन परीक्षा के माध्यम से बेसलाइन परीक्षा की तुलना में विद्‌यार्थियों की प्रगति एवं सीखने के स्तर में हुए सुधार को प्रदर्शित किया

Scanned with OKEN Scanner

समस्त संबंधित विद्यालयों से अपेक्षा है कि वे परीक्षा के सुचारु आयोजन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करें, जैसेउपयुक्त उपकरणों की उपलब्धता–, इंटरनेट कनेक्टिविटी तथा दिशा-निर्देशों के अनुसार पर्यवेक्षण आदि, ताकि अधिकतम विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके।

परीक्षा से संबंधित विस्तृत समयसारणी-, लॉगिन विवरण एवं तकनीकी दिशा-निर्देश पृथक से शीघ्र साझा किए जायेंगे ।

(मनीषा सैंतिया)
अपर परियोजना संचालक
समग्र शिक्षा अभियान(सेके. एजु.)
मध्य प्रदेश

क्रमांक/समग्र/2025-26/169 भोपाल, दिनांक - 15/01/2026

**प्रतिलिपि:**

1. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल ।
2. राज्य परियोजना संचालक, समग्र शिक्षा अभियान(सेके. एजु.), मध्य प्रदेश, भोपाल ।
3. कलेक्टर, समस्त जिले म.प्र. ।

अपर परियोजना संचालक
समग्र शिक्षा अभियान(सेके. एजु.)
मध्य प्रदेश

Scanned with OKEN Scanner

## ऑनलाइन परीक्षा हेतु निर्देश

1. **परीक्षा का माध्यम**

   परीक्षा कंप्यूटर/टैबलेट/मोबाइल के माध्यम से **ऑनलाइन OMR प्रारूप** में किया जाएगा।

2. **लॉग-इन एवं परीक्षा प्रारंभ**
   - परीक्षार्थी निर्धारित समय से पूर्व उपलब्ध कराए गए **लिंक/लॉग-इन विवरण** के माध्यम से लॉग-इन करें।
   - लॉग-इन के पश्चात परीक्षार्थी को अपना नाम, कक्षा एवं अन्य आवश्यक विवरण निर्धारित स्थान पर सावधानीपूर्वक भरना होगा।
   - परीक्षा प्रारंभ करने से पूर्व स्क्रीन पर प्रदर्शित सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
   - परीक्षा प्रारंभ होते ही **टाइमर स्वतः चालू हो जाएगा**।

3. **प्रश्न पत्र का प्रारूप**
   - प्रश्न पत्र **बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ)** पर आधारित होगा।
   - प्रत्येक प्रश्न के लिए **चार विकल्प** (A, B, C, D) दिए जाएंगे।
   - प्रत्येक प्रश्न का **केवल एक सही उत्तर** होगा।

4. **ऑनलाइन OMR भरने की विधि**
   - किसी प्रश्न का उत्तर देने के लिए संबंधित विकल्प के **गोले (बबल)** पर क्लिक/टैप करें।
   - चयनित विकल्प **हाइलाइट** होकर दिखाई देगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि उत्तर दर्ज हो गया है।
   - यदि उत्तर बदलना हो, तो किसी अन्य विकल्प पर क्लिक/टैप करें। पूर्व चयन स्वतः हट जाएगा।
   - प्रत्येक प्रश्न में **केवल एक ही विकल्प** का चयन करें।

5. **प्रश्नों के बीच नेविगेशन**
   - प्रश्नों के बीच आने-जाने के लिए **Next / Previous** बटन का उपयोग करें।
   - टाइमर समाप्त होने से पहले किसी भी प्रश्न के उत्तर को देखा या बदला जा सकता है।

6. **समय सीमा (टाइमर)**
   - परीक्षा की शेष समय-सीमा स्क्रीन पर निरंतर प्रदर्शित होती रहेगी।
   - निर्धारित समय समाप्त होने पर परीक्षा **स्वतः सबमिट** हो जाएगी।
   - परीक्षार्थियों को समय का उचित प्रबंधन करने की सलाह दी जाती है।

7. **परीक्षा सबमिशन**
   - सभी प्रश्न हल करने के पश्चात **Submit** बटन पर क्लिक करें।
   - एक बार सबमिट करने के बाद किसी भी प्रकार का संशोधन संभव नहीं होगा।

8. **तकनीकी निर्देश**
   - परीक्षा के दौरान **स्थिर इंटरनेट कनेक्शन** सुनिश्चित करें।
   - परीक्षा के समय ब्राउज़र को रिफ्रेश या बंद न करें।
   - किसी भी तकनीकी समस्या की स्थिति में तुरंत संबंधित शिक्षक/परीक्षा समन्वयक को सूचित करें।

9. **सामान्य निर्देश**
   - परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग न करें।
   - स्क्रीन पर प्रदर्शित सभी निर्देशों का पालन अनिवार्य होगा।
   - परीक्षा नियमों का उल्लंघन करने पर अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकती है।

Scanned with OKEN Scanner